# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUET-2022 (UG): B.Voc.- Biomedical Sciences

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 23-04-2022**

# हकेंवि में बायोमेडिकल साइंसेज पाठ्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**संस, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग में स्नातक पाठ्यक्रम बायोमेडिकल साइंसेज की 50 सीटों पर दाखिले होंगे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि बीवाक बायोमेडिकल साइंसेज पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्नातक स्तर पर यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के अवसर प्रदान करता है।

व्यावसायिक अध्ययन और कौशल विकास विभाग के समन्वयक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि इस पाठ्यक्रम को इस तरह से तैयार किया गया है। इसमें विद्यार्थियों को कक्षाओं में अध्ययन के साथ-साथ उद्योगों से साझेदारी कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार होते हैं। इसी क्रम में पाठ्यक्रम के संयोजक डा. विकास सैनी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को परंपरागत ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों की अपेक्षा अधिक उपयोगी अध्ययन व प्रशिक्षण का अवसर मिलता है। विश्वविद्यालय में उपलब्ध इस पाठ्यक्रम में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी आगामी छह मई तक वेबसाइट httpsÑ// cuet.samarth.ac.in अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 23-04-2022**

# हकेंवि. में बीवॉक बायो मेडिकल में दाखिले के लिए आवेदन 6 तक

## विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी 2022 के तहत दाखिले की प्रक्रिया जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसके तहत विश्वविद्यालय व्यवसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रम बीवॉक बायो मेडिकल साइंसेज की 50 सीटों पर दाखिले होंगे। दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी 6 मई तक विवि की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि बीवॉक बायो मेडिकल साइंसेज पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाता है। स्नातक स्तर पर यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के अवसर प्रदान करता है।

**इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप होगी तैयारी:** व्यावसायिक अध्ययन और कौशल विकास विभाग के समन्वयक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि इस पाठ्यक्रम को इस तरह से तैयार किया गया है, जिसमें विद्यार्थी को कक्षा में अध्ययन के साथ-साथ उद्योगों से साझेदारी कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार होते हैं। पाठ्यक्रम के संयोजक डॉ. विकास सैनी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को परंपरागत स्नातक पाठ्यक्रमों की अपेक्षा अधिक उपयोगी अध्ययन व प्रशिक्षण का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा या इंडस्ट्री में कार्य करने के विकल्प को चुन सकते हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीवॉक बायो मेडिकल साइंसेज की कुल 50 सीटें उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय में उपलब्ध इस पाठ्यक्रम में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी 6 मई तक वेबसाइट अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने होंगे ।

### एमडीएस आईटीआई के कैंपस ड्राइव में 21 विद्यार्थियों का चयन



**महेंद्रगढ़।** एमडीएस आईटीआई जाटवास में शुक्रवार को आयोजित कैंपस ड्राइव में भिवाड़ी की एक प्रसिद्ध कंपनी द्वारा 21 विद्यार्थियों का चयन किया गया। संस्था के चेयरमैन मातादीन शर्मा ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में गत अप्रेंटिसशिप योजना के तहत 21 विद्यार्थियों का चयन होना गर्व की बात है। संस्थान कि प्लेसमेंट अधिकारी वंदना सुरोलिया ने कहा कि पास आउट विद्यार्थियों के लिए रोजगार पाना बड़ी उपलब्धि है। संस्थान में समय-समय पर विभिन्न कंपनियों द्वारा कैंपस ड्राइव के तहत रोजगार उपलब्ध करवाए जाते हैं। इस अवसर पर कंपनी की ओर से प्लेसमेंट अधिकारी सोमवीर सिंह, प्रधानाचार्य आनंद कुमार, उप प्रधानाचार्य मनोज यादव व संस्थान सचिव गोपाल शर्मा, कार्यालय अधीक्षक राहुल तंवर, इलेक्ट्रिशियन अनुदेशक प्रवीण कुमार, प्रदीप चौहान सहित विद्यार्थी व स्टाफ मौजूद रहे। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 23-04-2022**

# बायोमैडिकल साइंसेज में पाएं उज्ज्वल भविष्य, हकेंवि में दाखिला प्रक्रिया जारी

महेंद्रगढ़, 22 अप्रैल (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रम बी.वॉक. बायोमैडिकल साइंसेज की 50 सीटों पर दाखिले होंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि बी.वॉक. बायोमैडिकल साइंसेज पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्नातक स्तर पर यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के अवसर प्रदान करता है।

व्यावसायिक अध्ययन और कौशल विकास विभाग के समन्वयक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि इस पाठ्यक्रम को इस तरह से तैयार किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों को कक्षाओं में अध्ययन के साथ-साथ उद्योगों से सांझेदारी कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार होते हैं। इसी क्रम में पाठ्यक्रम के संयोजक डॉ. विकास सैनी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को परम्परागत ग्रैजुएशन पाठ्यक्रमों की अपेक्षा अधिक उपयोगी अध्ययन व प्रशिक्षण का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा या इंडस्ट्री में कार्य करने के विकल्प को चुन सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 6 मई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari (Rewari)** **Date: 23-04-2022**

## हकेवि में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए सीयूईटी 2022 के अंतर्गत दाखिले की प्रक्रिया जारी

**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ शैक्षणिक सत्र 2022-23 में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय व्यवसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास विभाग में उपलब्ध स्नातक पाठ्यक्रम बी.वॉक. बायोमेडिकल साइंसेज की 50 सीटों पर दाखिले होंगे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि बी.वॉक. बायोमेडिकल साइंसेज पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्नातक स्तर पर यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के अवसर प्रदान करता है। व्यवसायिक अध्ययन और कौशल विकास विभाग के समन्वयक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि इस पाठ्यक्रम को इस तरह से तैयार किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों को कक्षाओं में अध्ययन के साथ-साथ उद्योगों से साझेदारी कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार होते हैं। इसी क्रम में पाठ्यक्रम के संयोजक डॉ. विकास सैनी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को परम्परागत ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों की अपेक्षा अधिक उपयोगी अध्ययन व प्रशिक्षण का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा या इंडस्ट्री में कार्य करने के विकल्प को चुन सकते हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बी.वॉक. बायोमेडिकल साइंसेज की कुल 50 सीटें उपलब्ध हैं।